A

# SET – (A)

Question Booklet No.

**Subject Code : 31202/TF – BBT/ENT – M**

| परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर<br>Seal of Superintendent of Examination Centre | परीक्षार्थी द्वारा **बॉल–प्वाइण्ट पेन** से भरा जाए ।<br>To be filled in by Candidate by **Ball-Point pen** only<br>अनुक्रमांक<br>Roll No. | उत्तर शीट का क्रमांक<br>Sl. No. of Answer-Sheet |
|---|---|---|

**घोषणा : मैंने नीचे दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं।**

**Declaration : I have read and understood the instructions given below.**

वीक्षक के हस्ताक्षर
(Signature of Invigilator) ...............................

वीक्षक के नाम
(Name of Invigilator) ...................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(Signature of Candidate) ..........................................................

अभ्यर्थी का नाम
(Name of Candidate) .................................................................

**पूर्णांक – 100**
**समय – 2 घंटे**

**प्रश्न पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या :**
Number of Pages in this Question Booklet : **32**

**प्रश्न पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या :**
Number of Questions in this Question Booklet : **100**

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न–पुस्तिका मिलते ही मुख पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ लें । दाहिनी ओर लगी सील को वीक्षक के कहने से पूर्व न खोलें ।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, उत्तर–पुस्तिका का क्रमांक लिखें तथा अपने हस्ताक्षर करें ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर–शीट में समस्त प्रविष्टियां दिये गये निर्देशानुसार करें अन्यथा उत्तर–शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।
4. **सील खोलने के बाद सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पुस्तिका में कुल पृष्ठ ऊपर लिखे अनुसार दिए हुए हैं तथा उसमें सभी 100 प्रश्नों का मुद्रण सही है । किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर 15 मिनट के अंदर वीक्षक को सूचित कर सही प्रश्न–पुस्तिका प्राप्त करें ।**
5. प्रत्येक प्रश्न हेतु प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्न के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त केवल एक ही विकल्प का चयन कर ओ.एम.आर. उत्तरशीट में सही विकल्प वाले गोले को जो उस प्रश्न के सरल क्रमांक से सम्बंधित हो **काले या नीले बॉल–प्वाइण्ट पेन** से भरें ।
6. सही उत्तर वाले गोले को अच्छी तरह से भरें, अन्यथा उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।
7. प्रश्न–पुस्तिका में **100** वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
8. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
9. प्रश्न–पुस्तिका तथा उत्तर–शीट में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अतिरिक्त कहीं भी कुछ न लिखें ।
10. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त तथा कक्ष छोड़ने के पूर्व मूल उत्तरशीट वीक्षक को सौंपी जाए। प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर–शीट की कार्बन कॉपी परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।
11. **इस प्रश्न–पुस्तिका में पाँच भाग होंगे :–**
    - **(i) प्रथम भाग :– सामान्य मानसिक योग्यता – 30 अंक**
    - **(ii) द्वितीय भाग :– सामान्य ज्ञान – 20 अंक**
    - **(iii) तृतीय भाग :– शिक्षण अभिरुचि – 20 अंक**
    - **(iv) चतुर्थ भाग :– सामान्य हिन्दी – 15 अंक**
    - **(v) पंचम भाग :– सामान्य अंग्रेजी – 15 अंक**

    **सभी प्रश्न करने अनिवार्य है ।**
12. यदि अंग्रेजी भाषा में कोई संदेह है, तो हिन्दी भाषा को ही प्रामाणिक माना जायेगा ।

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. Immediately after getting the booklet read instructions carefully, mentioned on the front and back page of the question booklet and do not open the seal given on the right hand side, unless asked by the invigilator.
2. Write your Roll No., Answer-Sheet No., in the specified places given above and do your signature.
3. Make all entries in the OMR Answer-Sheet as per the given instructions otherwise Answer-Sheet will not be evaluated.
4. **After Opening the seal, ensure that the Question Booklet contains total no. of pages as mentioned above and printing of all the 100 questions is proper. If any discrepancy is found, inform the invigilator within 15 minutes and get the correct booklet.**
5. While answering the question from the Question Booklet, for each question choose the correct/most appropriate options out of four most appropriate options given, as answer and darken the circle provided against that option in the OMR Answer-Sheet, bearing the same serial number of the question. Darken the circle only with **Black or Blue ball point pen**.
6. Darken the circle of choose options fully, otherwise answers will not be evaluated.
7. There are **100** objective type questions in this Question Booklet. All questions are compulsory and carry **one** mark each.
8. No negative marking will be done.
9. Do not write anything anywhere in the Question Booklet or on the Answer-Sheet except making entries in the specified places.
10. When the examination is over, original OMR Answer Sheet is to be handed over to the invigilator before leaving the examination hall, while Question Booklet and Carbon copy of the Answer Sheet can be retained by the candidate.
11. **This Question Booklet consists of Five Parts namely :**
    - **(i) First Part : – General Mental Eligibility – 30 Marks**
    - **(ii) Second Part : – General Knowledge – 20 Marks**
    - **(iii) Third Part : – Educational Interest – 20 Marks**
    - **(iv) Fourth Part : – General Hindi – 15 Marks**
    - **(v) Fifth Part : – General English – 15 Marks**

    **All questions are compulsory.**
12. In case of any ambiguity in English version the Hindi version shall be considered authentic.


A


DO NOT WRITE HERE


## PART – I


### GENERAL MENTAL ELIGIBILITY


1. Find out which of the answer figures (A), (B), (C) and (D) complete the figure matrix.



(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


### सामान्य मानसिक योग्यता


1. कौन–सा उत्तर आकृति (A), (B), (C) और (D) में से आकृति मेट्रिक्स को पूरा करता है ज्ञात कीजिए ?



(A) 

(B) 


(C) 

(D) 

रफ कार्य के लिए स्थान


**Space for Rough Work**

2. How many dots lie opposite the face having 3 dots, when the given figure is folded to form a cube ?



(A) 1
(B) 6
(C) 4
(D) Can't find


3. The three different positions of a dice are given below.




Which number is on the opposite face of '1' ?


(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 6

2. तीन बिन्दुओं वाले फलक के विपरित कितने बिन्दु है, जबकि दी गई आकृति को मोडकर एक घन बनाया जाता है ?



(A) 1
(B) 6
(C) 4
(D) ज्ञात नहीं किया जा सकता

3. पासा के तीन विभिन्न स्थितियों को नीचे दिया गया है ।





कौन–सा अंक '1' के विपरित फलक में पाया जायेगा ?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 6


रफ कार्य के लिए स्थान
**Space for Rough Work**

4. Count the number of cubes in the given figure.



(A) 30 (B) 32
(C) 28 (D) 40

5. Three positions of a dice are shown below. What will come opposite to face containing '5' ?




(A) 6 (B) 3
(C) 1 (D) 2


6. What is the next term in the series ?
BCE, CEG, EGK, ?

(A) GKM (B) GKN
(C) GLM (D) GLU

7. If GIVE is coded as '5137' and BAT is coded as '924', how is GATE coded ?


(A) 5427
(B) 5724
(C) 5247
(D) 2547

4. दिये गये चित्र में घन की संख्या गणना करें ।



(A) 30 (B) 32
(C) 28 (D) 40

5. पासा का तीन स्थिति नीचे दिखाया गया है । फलक जो '5' धारण किया है उसके विपरित क्या आयेगा ?




(A) 6 (B) 3
(C) 1 (D) 2

6. शृंखला में अगला पद क्या है ?
BCE, CEG, EGK, ?

(A) GKM (B) GKN
(C) GLM (D) GLU


7. यदि GIVE को कूट भाषा में '5137' और BAT को '924' लिखते हैं, तो उसी भाषा में GATE को कैसे लिखेंगे ?

(A) 5427
(B) 5724
(C) 5247
(D) 2547

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

8. How many triangles in the following figure ?




(A) 20

(B) 22

(C) 24

(D) 26

9. How many triangles are there in the given figure ?



(A) 6

(B) 7

(C) 8


(D) 9

10. Choose out the odd one.

(A) 56 (B) 66

(C) 74 (D) 92

8. दिये गये निम्नांकित चित्र में कितने त्रिभुज हैं ?




(A) 20

(B) 22

(C) 24

(D) 26

9. दिये गये चित्र में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 6

(B) 7

(C) 8

(D) 9

10. विषम को चुनिए ।

(A) 56 (B) 66

(C) 74 (D) 92

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

11. Choose out the odd one.

(A) 4 – 5 (B) 5 – 4

(C) 7 – 2 (D) 2 – 9

12. Find the missing term in the given series.

1, 2, 2, 4, 5, 8, _____

(A) 9

(B) 10

(C) 12

(D) None of the above

13. If Z = 26, NEAT = 40, then the value of TRY is

(A) 62

(B) 64

(C) 68

(D) None of the above

14. If 'L' denotes '÷', 'M' denotes '×', 'P' denotes '+' and 'Q' denotes '–', then which of the following statement is true ?

(A) 32 P 8 L 16 Q 4 = $-\frac{3}{2}$

(B) 6 M 18 Q 26 L 13 P 7 = $\frac{173}{13}$

(C) 11 M 34 L 17 Q 8 L 3 = $\frac{38}{3}$

(D) 9 P 9 L 9 Q 9 M 9 = –71

11. विषम को चुनिए ।

(A) 4 – 5 (B) 5 – 4

(C) 7 – 2 (D) 2 – 9

12. दिये गये श्रेणी में विलुप्त पद को ज्ञात कीजिए ।

1, 2, 2, 4, 5, 8, _____

(A) 9

(B) 10

(C) 12

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

13. यदि Z = 26, NEAT = 40, तो TRY का मान है

(A) 62

(B) 64

(C) 68

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. यदि 'L' का अर्थ '÷', 'M' का अर्थ '×', 'P' का अर्थ '+' और 'Q' का अर्थ '–' है, तो निम्नांकित में से कौन–सा कथन सही है ?

(A) 32 P 8 L 16 Q 4 = $-\frac{3}{2}$

(B) 6 M 18 Q 26 L 13 P 7 = $\frac{173}{13}$

(C) 11 M 34 L 17 Q 8 L 3 = $\frac{38}{3}$

(D) 9 P 9 L 9 Q 9 M 9 = –71

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

15. If signs + and ×, and numbers 4 and 5 are interchange, then which equation would be correct ?


(A) 5 × 4 + 20 = 40

(B) 5 × 4 + 20 = 85

(C) 5 × 4 + 20 = 104

(D) 4 × 5 + 20 = 95



16. Study the diagram below and identify the region representing Indian who are singer but not engineer ?






(A) 4, 5 (B) 5, 6

(C) 4 only (D) 7 only

17. Choose the Venn diagram which best illustrates the relationship between Females, Sisters, Teachers.

(A)  (B) 

(C)  (D) 

15. यदि चिन्ह + और × को एवं अंक 4 और 5 को आपस में बदला जाए तो कौन–सा समीकरण सही होना चाहिए ?


(A) 5 × 4 + 20 = 40

(B) 5 × 4 + 20 = 85

(C) 5 × 4 + 20 = 104

(D) 4 × 5 + 20 = 95



16. नीचे दिये चित्र का अध्ययन करें एवं उस क्षेत्र को पहचाने जो ऐसे भारतीय गायक को प्रदर्शित करते हैं, जो इंजीनियर नहीं है ?






(A) 4, 5 (B) 5, 6

(C) 4 केवल (D) 7 केवल

17. उस वेन चित्र को चुनिए जो महिला, बहन और शिक्षक के मध्य सही संबंध को दिखाता है।

(A)  (B) 

(C)  (D) 

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

18. If BAN = 25, GUN = 10 then NCR = ?

(A) 16


(B) 24

(C) 35


(D) None of the above


19. Which answer figure will complete the pattern in the question figure ?


Question figure





Answer Figure

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

20. If L stand for +, M stand for –, N stand for × and P stand for ÷ then

14 N 10 L 42 P 2 M 8 = ?

(A) 153 (B) 216

(C) 248 (D) 251

18. यदि BAN = 25, GUN = 10, तो NCR = ?

(A) 16


(B) 24

(C) 35


(D) उपरोक्त में से कोई नहीं


19. कौन–सा उत्तर चित्र प्रश्न चित्र में दिये गये पैटर्न को पूरा करता है ?


प्रश्न चित्र





उत्तर चित्र

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

20. यदि L, + के लिए, M, – के लिए, N, × के लिए तथा P, ÷ के लिए उपयोग होता है, तो

14 N 10 L 42 P 2 M 8 = ?

(A) 153 (B) 216

(C) 248 (D) 251

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

21. There is a cuboid whose dimensions are $4 \times 3 \times 3$ cm. The opposite faces of dimensions $4 \times 3$ are coloured yellow. The opposite faces of other dimensions $4 \times 3$ are coloured red and the opposite faces of dimensions $3 \times 3$ are coloured green. Now the cuboid is cut in to small cubes of side 1 cm. How many small cubes will have only two face coloured ?

(A) 12 (B) 24
(C) 16 (D) 10

21. एक घनाभ के आयाम $4 \times 3 \times 3$ से.मी. है, आयाम $4 \times 3$ के विपरित फलक को पीला रंग से, अन्य आयाम $4 \times 3$ के विपरित फलक को लाल रंग से तथा आयाम $3 \times 3$ के विपरित फलक को हरा रंग से रंगा गया है । इसके बाद घनाभ को 1 से.मी. के छोटे घन में काटा गया है, तो कितने छोटे घन के केवल 2 फलक रंगे गये होंगे ?

(A) 12 (B) 24
(C) 16 (D) 10

22. Find the missing term in the given number series.

4, 15, 48, 103, ?

(A) 169 (B) 176
(C) 180 (D) 215

22. दिये गये अंकिक श्रेणी में विलुप्त पद को ज्ञात करें ।

4, 15, 48, 103, ?

(A) 169 (B) 176
(C) 180 (D) 215

23. Find out the missing term in the given series.

Y, T, P, ?, K

(A) Q (B) L
(C) M (D) N

23. दिये गये श्रेणी में विलुप्त पद को ज्ञात कीजिए ।

Y, T, P, ?, K

(A) Q (B) L
(C) M (D) N

24. Find the missing term in the given series.

AZ, FT, LN, ____

(A) RG
(B) SG
(C) SH
(D) RH

24. दिये गये श्रेणी में विलुप्त पद को ज्ञात कीजिए ।


AZ, FT, LN, ____

(A) RG
(B) SG
(C) SH
(D) RH

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

25. Find the missing number.




(A) 281

(B) 495

(C) 249

(D) 511

26. Find the missing term.

| | | |
|---|---|---|
| U | W | S |
| R | U | O |
| L | ? | G |


(A) J

(B) P

(C) R

(D) Q

27. Find the missing number.





(A) 32

(B) 31

(C) 30

(D) 28

25. विलुप्त संख्या को ज्ञात करें ।




(A) 281

(B) 495

(C) 249

(D) 511

26. विलुप्त पद को ज्ञात करें ।

| | | |
|---|---|---|
| U | W | S |
| R | U | O |
| L | ? | G |


(A) J

(B) P

(C) R

(D) Q

27. विलुप्त संख्या को ज्ञात करें ।




(A) 32

(B) 31

(C) 30

(D) 28

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

28. What is the next term in the series ?

3, 10, 28, 82, __

(A) 245

(B) 244

(C) 344

(D) None of the above

29. Jayant is 6 Ranks ahead of Vishnu in a class of 45 students. If Vishnu ranks 25 in the class, what is the rank of Jayant from the last ?

(A) 25

(B) 26

(C) 27

(D) 28

30. Pointing to a person in the office, Amar said, he is the brother of the father of my mother's son. How is Amar related to that person ?

(A) Brother

(B) Uncle

(C) Nephew

(D) None of the above

28. शृंखला में अगला पद क्या है ?

3, 10, 28, 82, __

(A) 245

(B) 244

(C) 344

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. 45 विद्यार्थियों की एक कक्षा में जयंत, विष्णु से 6 रैंक आगे हैं। यदि कक्षा में विष्णु का रैंक 25 है, तो जयंत अंतिम से कितने रैंक पर है ?

(A) 25

(B) 26

(C) 27

(D) 28

30. कार्यालय में एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए अमर ने कहा, वह मेरी माता के पुत्र के पिता का भाई है। अमर उस व्यक्ति से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भाई

(B) चाचा

(C) भतीजा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

रफ कार्य के लिए स्थान

Space for Rough Work

## PART – II

### GENERAL KNOWLEDGE

31. Who emphasized that "Education should be a social process" ?
(A) Swami Vivekanand
(B) Rousseau
(C) John Dewey
(D) Pestology

32. 'Yogah Karmasu Kaushalam' related to which of the following ?
(A) Ramayan
(B) Bhagwat Geeta
(C) Ramcharit Manas
(D) Shiv Puran

33. Which box has most volcanoes ?
(A) Mid-oceanic ridges
(B) Circum-pacific Belt
(C) Mid-continental Belt
(D) Intraplate volcanism

34. Who discovered North Pole ?
(A) Amundson
(B) Robert Peary
(C) John Cobot
(D) Captain Cook

### सामान्य ज्ञान

31. "शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया होनी चाहिए" इस पर किसने जोर दिया ?
(A) स्वामी विवेकानन्द
(B) रूसो
(C) जॉन डीवी
(D) पेस्टालॉजी

32. 'योग: कर्मशु कौशलम' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?
(A) रामायण
(B) भगवद् गीता
(C) रामचरित मानस
(D) शिवपुराण

33. सबसे अधिक ज्वालामुखी किस पेटी में होते हैं ?
(A) मध्य-अटलाण्टिक मेखला
(B) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला
(C) मध्य-महाद्वीपीय मेखला
(D) अन्तराप्लेट ज्वालामुखी

34. किसने उत्तरी ध्रुव की खोज किया था ?
(A) एमण्डसन
(B) राबर्ट पियरी
(C) जॉन कोबोट
(D) कैप्टन कुक

रफ कार्य के लिए स्थान
Space for Rough Work

35. By which growth rate of economy is measured in India ?
    (A) Percentage increase in Per Capita Income
    (B) Percentage increase in National Income
    (C) Percentage increase in Gross Domestic Product
    (D) None of these

35. भारत में आर्थिक वृद्धि दर को किसके द्वारा मापा जाता है ?
    (A) प्रति व्यक्ति आय में प्रतिशत वृद्धि से
    (B) राष्ट्रीय आय में प्रतिशत वृद्धि से
    (C) सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिशत वृद्धि से
    (D) इनमें से कोई नहीं

36. On which date the five year plan is started in India ?
    (A) $1^{st}$ April 1950
    (B) $1^{st}$ April 1951
    (C) $1^{st}$ April 1956
    (D) $1^{st}$ April 1961

36. भारत में पंच वर्षीय योजना किस तिथि से प्रारम्भ की गयी है ?
    (A) 1 अप्रैल 1950
    (B) 1 अप्रैल 1951
    (C) 1 अप्रैल 1956
    (D) 1 अप्रैल 1961

37. Which of the following was the salient feature of Ashoka's 'Dhamma' ?
    (A) Religious tolerance
    (B) Religious festivals
    (C) Dominance of Buddhism
    (D) Religious Rituals

37. अशोक के 'धम्म' की निम्नलिखित में से कौन–सी बुनियादी विशेषता थी ?
    (A) धार्मिक सहिष्णुता
    (B) धार्मिक उत्सव
    (C) बौद्ध धर्म का वर्चस्व
    (D) धार्मिक संस्कार

38. Which of the following battle paved the way for Aurangzeb to become Mughal emperor ?
    (A) Battle of Dharmat
    (B) Battle of Kalpi
    (C) Battle of Samugarh
    (D) Battle of Khanwa

38. निम्नलिखित में से किस लड़ाई ने औरंगजेब के लिए मुगल बादशाह बनने का मार्ग प्रशस्त किया ?
    (A) धरमत की लड़ाई
    (B) कालपी की लड़ाई
    (C) सामूगढ़ की लड़ाई
    (D) खानवा की लड़ाई

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

39. Which one of the following is not necessary in microteaching ?
    (A) Defining a particular skill
    (B) Small lesson plan
    (C) Teaching a large group of students
    (D) Various means of feedback

40. ________ is the concept that describes the beliefs of an individual.
    (A) Value
    (B) Attitude
    (C) Behaviour
    (D) Personality

41. What is Rigid Constitution ?
    i. Where there is differentiation between Law making procedure and Amendment procedure.
    ii. Where there is ratification of State Legislatures is essential.
    (A) i
    (B) ii
    (C) i and ii
    (D) neither i nor ii

39. निम्नलिखित में से कौन-सा सूक्ष्म शिक्षण में आवश्यक नहीं है ?
    (A) विशिष्ट कौशल को परिभाषित करना
    (B) लघु पाठ योजनाएँ
    (C) विद्यार्थियों के बड़े समूह को पढ़ाना
    (D) प्रतिपुष्टि के अनेक साधन

40. ________ वह अवधारणा है, जो किसी व्यक्ति के विश्वासों का वर्णन करती है ।
    (A) मूल्य
    (B) अभिवृत्ति
    (C) व्यवहार
    (D) व्यक्तित्व

41. कठोर संविधान क्या है ?
    i. जहाँ कानून निर्माण प्रक्रिया और संशोधन प्रक्रिया में अन्तर किया जाता है ।
    ii. जहाँ राज्य विधानमण्डलों का अनुसमर्थन आवश्यक होता है ।
    (A) i
    (B) ii
    (C) i और ii
    (D) न तो i और न ही ii

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

42. What is correct ?

i. Prime Minister will be head of Cabinet.

ii. Members of Cabinet will be appointed by the President with the advice of Prime Minister.

iii. The Cabinet will be collective responsible to Lok Sabha.

(A) i

(B) ii

(C) iii

(D) None of the above

43. When was Damodar Valley Corporation established ?

(A) 1948

(B) 1951

(C) 1954

(D) 1957

44. In which State is the Kakrapara nuclear plant located ?

(A) Tamil Nadu (B) Uttar Pradesh

(C) Rajasthan (D) Karnataka

45. At which of the following place the historic I.N.A. trial took place ?

(A) Supreme Court, New Delhi

(B) Azad Maidan, Bombay

(C) Victoria Memorial, Calcutta

(D) Red Fort, Delhi

42. क्या सही है ?

i. प्रधानमंत्री, मंत्रीमण्डल का मुखिया होगा ।

ii. मंत्रीमण्डल के सदस्य प्रधानमंत्री के परामर्श पर राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्त किए जाएँगे ।

iii. मंत्रीमण्डल सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होगा ।

(A) i

(B) ii

(C) iii

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. दामोदर घाटी निगम की स्थापना कब की गई ?

(A) 1948

(B) 1951

(C) 1954

(D) 1957

44. ककरापारा परमाणु संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(A) तमिलनाडु (B) उत्तर प्रदेश

(C) राजस्थान (D) कर्नाटक

45. निम्नलिखित में से किस स्थान पर ऐतिहासिक आजाद हिन्द फौज मुकदमा हुआ ?

(A) सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली

(B) आजाद मैदान, बम्बई

(C) विक्टोरिया मेमोरियल, कलकत्ता

(D) लाल किला, दिल्ली

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

46. To amend the fundamental rights which method shall be adopted ?
   i. Simple majority of Parliament
   ii. 2/3 majority of Parliament
   iii. 2/3 majority of Parliament and ratification of more than half of State Legislatures

(A) i
(B) ii
(C) iii
(D) None of the above

47. Optical fibre is discovered by

(A) Narinder Kapany
(B) Samuel Cohen
(C) T. H. Maimah
(D) Jonas Salk

48. Diseases which are transmitted from one person to another

(A) AIDS (B) Hepatitis B
(C) Covid – 19 (D) All the above

49. What will be sequence number of 2021 population census in India after independence ?

(A) $8^{th}$ (B) $7^{th}$
(C) $9^{th}$ (D) $10^{th}$

50. On which year 14 big commercial banks were nationalised in India ?

(A) July 1969 (B) July 1971
(C) July 1980 (D) July 1961

46. मौलिक अधिकारों को संशोधित करने के लिए किस पद्धति को अपनाया जाएगा ?
   i. संसद का साधारण बहुमत
   ii. संसद का 2/3 बहुमत
   iii. संसद का 2/3 बहुमत और आधे से अधिक राज्य विधानमण्डलों का अनुसमर्थन

(A) i
(B) ii
(C) iii
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. आप्टिकल फाइबर के खोजकर्ता हैं

(A) नरिन्दर कैपोनी
(B) सैमुअल कोहेन
(C) टी.एच. मैमाह
(D) जोनास साल्क

48. एक व्यक्ति से दूसरे में स्थानान्तरित होने वाला रोग है

(A) एड्स (B) हिपेटाइटिस B
(C) कोविड – 19 (D) उपरोक्त सभी

49. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में 2021 की जनगणना का क्रम क्या होगा ?

(A) 8 वाँ (B) 7 वाँ
(C) 9 वाँ (D) 10 वाँ

50. भारत के 14 बड़े वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष किया गया था ?

(A) जुलाई 1969 (B) जुलाई 1971
(C) जुलाई 1980 (D) जुलाई 1961

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

## PART – III

### EDUCATIONAL INTEREST

51. Objectives of pre-service teacher training programme does not include
   (A) Professional competence
   (B) Social commitment
   (C) Aesthetic interests
   (D) Religious competence

52. Role of teacher in institutional planning is
   (A) Identification of needs
   (B) Preparation of improvement programme
   (C) Implementing the project
   (D) Evaluating the project

53. The demand of 21$^{st}$ century education is
   (A) The content should be engaging, relevant and meaningful to student's life
   (B) Teaching should increase learning, innovation, collaboration
   (C) Contents like global awareness, civic literacy, health awareness should be included
   (D) All the above

### शिक्षण अभिरुचि

51. सेवा पूर्व शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के उद्देश्यों में शामिल नहीं है
   (A) व्यावसायिक दक्षता
   (B) सामाजिक वचनबद्धता
   (C) कलात्मक अभिरुचियाँ
   (D) धार्मिक दक्षता

52. संस्थागत नियोजन में शिक्षक की भूमिका है
   (A) आवश्यकताओं की पहचान करना
   (B) सुधार कार्यक्रम तैयार करना
   (C) योजना का क्रियान्वयन करना
   (D) योजना का मूल्यांकन करना

53. 21 वीं सदी की शिक्षा की मांग है
   (A) विषयवस्तु दिलचस्प, प्रासंगिक एवं विद्यार्थियों के जीवन के लिए अर्थपूर्ण हो
   (B) शिक्षण अधिगम, नवाचार एवं सहकारिता में वृद्धि करे
   (C) वैश्विक जागरूकता, नागरिक साक्षरता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जैसी विषयवस्तुओं को शामिल किया जाए
   (D) उपरोक्त सभी

रफ कार्य के लिए स्थान

Space for Rough Work

54. Communication will be effective
(A) If it is delivered in a calm situation
(B) If it is delivered slowly and clearly
(C) If it reaches the receiver completely
(D) If it reaches the receiver as intended by the sender

55. The first important step in teaching is
(A) Knowing the background of students
(B) Planning before hand
(C) Organising materials to be taught
(D) None of the above

56. The main aim of classroom teaching is
(A) To give information
(B) To develop enquiring mind
(C) To develop personality of students
(D) To help students to pass examination

57. The academic performance of students can be improved, if parents are encouraged to
(A) supervise the work of their ward
(B) arrange for extra tuition
(C) remain unconcerned about it
(D) interact with teachers frequently

54. संप्रेषण प्रभावी होगा
(A) जब यह शांत परिस्थितियों में प्रदान किया जाएगा
(B) जब यह धीरे से एवं स्पष्टता से प्रदान किया जाएगा
(C) जब यह ग्राही तक पूर्णत: पहुँचेगा
(D) जब यह ग्राही तक प्रेषक के अभिप्राय के अनुरूप पहुँचेगा

55. शिक्षण का प्रथम महत्वपूर्ण चरण है
(A) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि को जानना
(B) पहले से योजना बनाना
(C) अध्यापन की जाने वाली सामग्रियों को संगठित करना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

56. कक्षा शिक्षण का प्रमुख लक्ष्य है
(A) सूचना प्रदान करना
(B) खोजी मस्तिष्क का विकास करना
(C) विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना
(D) विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु सहायता करना

57. विद्यार्थियों के शैक्षिक निष्पादन में अभिवृद्धि की जा सकती है, यदि पालकों को प्रोत्साहित किया जा सके
(A) अपने पाल्यों के कार्यों का निरीक्षण करने हेतु
(B) अतिरिक्त शिक्षण की व्यवस्था करने हेतु
(C) इसके संबंध में कोई रुचि न लेकर
(D) शिक्षकों के साथ बार–बार अन्त:क्रिया करने हेतु

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

58. Some students in a class exhibit great curiosity for learning. It may be because of the children

(A) are gifted

(B) come from rich families

(C) show artificial behaviour

(D) create indiscipline in the class

59. Which of the following is not a part of cognitive domain ?

(A) Content knowledge of school subjects

(B) Acquisition of skills

(C) Psychology of children

(D) Sociological perspectives

60. An effective teaching aid is one which

(A) is colourful and good looking

(B) visible to all students

(C) activates all students

(D) easy to prepare and use

61. Counselling is a process of

(A) Diagnosis and prescription

(B) Helping students towards self direction

(C) Orientation of pupils towards social expectation

(D) None of the above

58. कक्षा में कुछ विद्यार्थी सीखने के प्रति अत्यधिक जिज्ञासा प्रदर्शित करते हैं । संभवत: ऐसे विद्यार्थी

(A) प्रतिभाशाली होते हैं

(B) धनी परिवारों से आते हैं

(C) कृत्रिम व्यवहार प्रदर्शित करते हैं

(D) कक्षा में अनुशासनहीनता उत्पन्न करते हैं

59. निम्न में से संज्ञानात्मक क्षेत्र का भाग नहीं है

(A) विद्यालयीन विषयों की विषयवस्तु का ज्ञान

(B) कौशलों का अर्जन

(C) बाल मनोविज्ञान

(D) समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य

60. एक प्रभावी सहायक शिक्षण सामग्री वह होती है

(A) जो रंग बिरंगी एवं आकर्षक हो

(B) जो सभी विद्यार्थियों को दिखाई दे

(C) जो सभी विद्यार्थियों को सक्रिय रखे

(D) जो निर्माण एवं उपयोग में सरल हो

61. परामर्श एक प्रक्रिया है

(A) निदान एवं निर्देश की

(B) स्व-निर्देशन की दिशा में विद्यार्थियों की सहायता करना

(C) सामाजिक अपेक्षाओं की ओर विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

62. At primary level, it is better to teach in mother language because
   (A) It develops self confidence in children
   (B) It makes learning easy
   (C) It is helpful in intellectual development
   (D) It helps children in learning in natural atmosphere

63. On the first day of his class, if a teacher is asked by the students to introduce himself, he should
   (A) ask them to meet after the class
   (B) tell them about himself in brief
   (C) ignore the demand and start teaching
   (D) scold the students for this unwanted demand

64. The best remedy of the students' problems related to learning is
   (A) Suggestion for hard work
   (B) Study in library in one's Supervision
   (C) Suggestion for private tuition
   (D) Diagnostic teaching

62. प्राथमिक स्तर पर, मातृभाषा में शिक्षण बेहतर होता है, क्योंकि
   (A) यह बच्चों के आत्मविश्वास को विकसित करता है
   (B) यह अधिगम को सरल बनाता है
   (C) यह बौद्धिक विकास में सहायक होता है
   (D) यह बच्चों को प्राकृतिक वातावरण में सीखने में मदद करता है

63. कक्षा के प्रथम दिवस, यदि विद्यार्थियों द्वारा किसी शिक्षक को स्वयं का परिचय देने हेतु कहा जाता है, तो शिक्षक को चाहिए कि
   (A) वह उन्हें कक्षा के उपरांत मिलने को कहे
   (B) उन्हें स्वयं के विषय में संक्षेप में बताए
   (C) उनकी मांग को अनदेखा कर शिक्षण प्रारंभ कर दे
   (D) विद्यार्थियों को उनकी अवांछित मांग के लिए डाँटे

64. विद्यार्थियों की अधिगम संबंधी समस्याओं का सर्वोत्तम उपाय है
   (A) कठोर परिश्रम करने का सुझाव
   (B) अपनी निगरानी में पुस्तकालय में अध्ययन कराना
   (C) निजी शिक्षण हेतु सुझाव देना
   (D) निदानात्मक शिक्षण

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

65. To maintain interest among students in class, a teacher should

(A) Use blackboard

(B) Discuss and ask questions

(C) Tell stories

(D) All the above

66. Which one is not a quality of a reflective teacher ?

(A) Changes the environment and materials to encourage new learning possibilities

(B) Reads professional literature to learn more

(C) Maintains strict discipline

(D) Reads students' notes carefully

67. For proper personality development of students, parents should

(A) Over protect their child

(B) Regularly compare the child with other students

(C) Provide conducive environment at home

(D) Engage qualified teachers for them

65. कक्षा के दौरान विद्यार्थियों में रुचि बनाए रखने के लिए एक शिक्षक को

(A) श्यामपट का उपयोग करना चाहिए

(B) चर्चा एवं प्रश्न पूछना चाहिए

(C) कहानियाँ बतानी चाहिए

(D) उपरोक्त सभी

66. एक चिंतनशील शिक्षक का गुण नहीं है

(A) वातावरण एवं सामग्रियों को परिवर्तित कर नवीन अधिगम संभावनाएँ प्रोत्साहित करता है

(B) और अधिक सीखने के लिए व्यावसायिक साहित्य का अध्ययन करता है

(C) कठोर अनुशासन बनाए रखता है

(D) विद्यार्थियों के नोट्स को सावधानीपूर्वक पढ़ता है

67. विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के उचित विकास हेतु पालकों को

(A) अपने पाल्यों को अत्यधिक संरक्षण देना चाहिए

(B) अपने बच्चे की दूसरे विद्यार्थियों से लगातार तुलना करनी चाहिए

(C) घर पर अनुकूल वातावरण प्रदान करना चाहिए

(D) उनके लिए निपुण शिक्षक नियुक्त करना चाहिए

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

68. The most important indicator of quality of education in a school is
(A) Infrastructural facilities of a school
(B) Classroom system
(C) Text books and teaching-learning material
(D) Student achievement level

69. When the students try to solve the questions in some different way as taught by the teacher from prescribed books, then these students should be
(A) Discouraged to consult some books other than prescribed books on the subjects
(B) Suggested to talk with their teachers after the class
(C) Encouraged to consult some other books on the subject
(D) Suggested to follow the class room notes in order to get good marks in the examination

70. In context of the habit of absenteeism of student
(A) The Principal and parents should worry
(B) The officials of the schools should take action against them as per school's discipline
(C) They should be given less priority in the classroom in relation to regular students
(D) The teachers should take it as a serious problem

68. किसी विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सूचकांक है
(A) विद्यालय की अधोसंरचनात्मक सुविधाएँ
(B) कक्षा तंत्र
(C) पाठ्य-पुस्तकें एवं शिक्षण-अधिगम सामग्रियाँ
(D) विद्यार्थियों की उपलब्धि का स्तर

69. यदि विद्यार्थी प्रश्नों का हल शिक्षक द्वारा निर्धारित पुस्तक से कराए गए हल से भिन्न विधि से करने का प्रयास करते हैं, तो इन विद्यार्थियों को
(A) उस विषय की निर्धारित पुस्तक से भिन्न पुस्तकों को देखने को हतोत्साहित किया जाना चाहिए
(B) कक्षा के उपरांत उनके शिक्षकों से बात करने का सुझाव दिया जाना चाहिए
(C) उस विषय की कुछ अन्य पुस्तकों को देखने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए
(D) परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने की दृष्टि से कक्षा के नोट्स का अनुसरण करने का सुझाव दिया जाना चाहिए

70. विद्यार्थी की अनुपस्थिति की आदत के संदर्भ में
(A) प्राचार्य एवं पालकों को चिंतित होना चाहिए
(B) विद्यालय के अधिकारियों को विद्यालय अनुशासन नियमों के अनुरूप उनके विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए
(C) नियमित विद्यार्थियों की तुलना में इन विद्यार्थियों को कक्षा में कम प्राथमिकता दी जानी चाहिए
(D) शिक्षकों को इसे एक गंभीर समस्या के रूप में लेना चाहिए

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

## PART – IV
## GENERAL HINDI/ सामान्य हिन्दी

71. निम्नांकित में से किसी एक वाक्य–समुच्चय में तथ्यों की असंगति नहीं है । उसमें कालक्रम भी सुसंगत है । उसे चिह्नित कीजिये ।

(A) प्रात:काल सूर्य उदित हुआ और घने बादलों में छिप गया । फिर वर्षा होने लगी । पंछी पेड़ों पर घोसलों में दुबके रहे ।

(B) पंछी घोसलों में लौटने लगे । सूर्य का गोला क्षितिज में उतरने लगा । मवेशियों को चरवाहे चरागाह की ओर हकालने लगे ।

(C) पंछी चहचहाने लगे । आकाश में गोधूलि उठ रही थी । क्षितिज में सूरज भी अंगड़ाई ले कर उठ रहा था । चंद्रमा की बत्ती बुझ रही थी ।

(D) मुर्गे ने बांग दी । फिर सूरज को जगाया । पहली किरणों ने ओस की बूंदों को चमकीली आभा दी । पंछी घोसलों में छिप गए ।

72. निम्नांकित में से किस शब्द की वर्तनी त्रुटिहीन है ?

(A) सन्यासी

(B) संन्यासी

(C) सन्नयासी

(D) संयासी

73. "बार–बार चेतावनी देने के बावजूद जब रमेश ने सावधानी नहीं बरती, तो सुरेश ने उसे आड़े हाथों लिया ।" इस वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को चिह्नित कर उसके समान अर्थ को व्यक्त करने के लिये विकल्प के तौर पर किस मुहावरे का प्रयोग किया जा सकता है ?

(A) खूब गालियाँ दी ।

(B) बुरी तरह पीटा ।

(C) रफ़ू–चक्कर हो जाने को कहा ।

(D) खरी–खोटी सुनाई ।

74. 'कोई मुझे पुकार रहा है । अपने सारे काम छोड़ कर उसके पास फ़ौरन चले जाना चाहिये । नहीं तो उसे दुख पहुँचेगा । मेरा जाना बहुत राहत देगा । तुम फ़िक्र न करो दोस्त, मैं आ रहा हूँ ।'
उक्त वाक्यों को ध्यान से पढ़ें और निम्नांकित शब्दों के समुच्चयों में से उनमें प्रयुक्त केवल सर्वनाम शब्दों के समुच्चय को चुनिये ।

(A) कोई, मुझे, अपने, उसके, फ़ौरन, नहीं तो, करो, हूँ

(B) कोई, मुझे, रहा है, छोड़ कर मेरा, देगा, रहा हूँ, दुख

(C) कोई, मुझे, अपने, उसके, उसे, मेरा, तुम, मैं

(D) मुझे, अपने, उसके, बहुत, उसे, मेरा, तुम, मैं

रफ कार्य के लिए स्थान
Space for Rough Work

75. निम्नांकित में से किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का प्रयोग किया गया है ?

(A) वह गंदी नाली का कीड़ा है ।

(B) भाईयों के बीच वह इकलौती बहन है ।

(C) देवी सरस्वती की यह प्रतिमा अत्यंत सुंदर है ।

(D) वह दानव आकाश–मार्ग से उतरा ।

76. निम्नांकित में से किस वाक्य–समूह में विराम–चिह्नों का उचित प्रयोग किया गया है ?

(A) डॉ. शर्मा ने कहा संस्कृत की स ध्वनि फ़ारसी में ह हो जाती है । संस्कृत फ़ारसी शब्द कोष देखें ।

(B) डॉ. शर्मा ने कहा – संस्कृत की 'स' ध्वनि फ़ारसी में 'ह' हो जाती है । संस्कृत फ़ारसी शब्दकोष देखें ।

(C) डॉ. शर्मा ने कहा – "संस्कृत की स ध्वनि फ़ारसी में ह हो जाती है । संस्कृत फ़ारसी शब्द कोष देखें ।"

(D) डॉ. शर्मा ने कहा, संस्कृत की 'स' ध्वनि फ़ारसी में 'ह' हो जाती है । संस्कृत–फ़ारसी शब्दकोष देखें ।

77. निम्नांकित में से किस वाक्य–समूह में तथ्यात्मक असंगति दिखाई देती है ?

(A) रेडियो, टेलिविजन, इंटरनेट, समाचारपत्रों और पत्रिकाओं से सूचना पाने वालों की बढ़ती संख्या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की लोकप्रियता को सूचित करती है ।

(B) बीसवीं सदी में समाचारपत्र और पत्रिकाएँ सूचना तथा संचार का मुख्य साधन थीं ।

(C) इक्कीसवीं सदी में सूचना और संचार पूर्ण रूप से डिजिटल तकनीक पर आधारित है ।

(D) सिनेमा तकनीकी रूप से उन्नत हो चुका है । अब दर्शक थियेटर जाने के लिए विवश नहीं है । सिनेमा उसके ड्राइंग रूम में उपलब्ध है ।

78. ऐसी ध्वनियों को क्या कहा जाता है, जो अपने आप में स्वतंत्र होती हैं, जिनके उच्चारण के लिये किसी अन्य ध्वनि का सहारा नहीं लेना पड़ता तथा कण्ठ से निकल कर मुखगुहा के भीतर किसी अवयव का स्पर्श किए बिना जो बाहर निकल जाती हैं ?

(A) स्वर

(B) व्यंजन

(C) मात्रा

(D) स्वन

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

79. प, फ, ब, भ, म व्यंजन ध्वनियाँ हैं, जिनका उच्चारण

(A) गले से होता है, इसलिये ये कण्ठ्य ध्वनियाँ हैं ।

(B) तालु से होता है, इसलिये ये तालव्य ध्वनियाँ हैं ।

(C) दोनों होठों से होता है, इसलिये ये ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं ।

(D) ऊपरी दाँतों और निचले होठों के बीच से होता है, इसलिये ये दंत्योष्ठ्य ध्वनियाँ हैं ।

80. 'ज़िलाबदर' शब्द किस कोटि के समास का उदाहरण है ?

(A) संप्रदान तत्पुरुष

(B) करण तत्पुरुष

(C) अपादान तत्पुरुष

(D) अधिकरण तत्पुरुष

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्र. क्र. **81** से प्र. क्र. **84** का उत्तर दें ।

हमारी सभ्यता की समूची उपलब्धियाँ, हमारी सम्पूर्ण आर्थिक प्रगति और भौतिक विकास का ढाँचा चरमराया हुआ–सा दिखाई देता है, जब कोई सूक्ष्म जीव हमारे सामने चुनौती की तरह पेश आता है । कोरोना वाइरस महामारी ने पूरी दुनिया को तेज़ी से गिरफ़्त में ले लिया और बड़ी–बड़ी ताकतें उसके आगे एकबारंगी असहाय हो गयीं । इस महामारी ने स्पष्ट कर दिया है कि भौतिक समृद्धि और आर्थिक विकास पर आधारित वर्तमान सभ्यता पर पुनर्विचार का समय आ गया है । आज की सभ्यता को पारिस्थितिक सम्पन्नता के पैमाने पर मापा जाना चाहिए, न कि बढ़ती आय और सम्पत्ति के पैमाने पर । महात्मा गांधी ने 'हिंद स्वराज' में इसी प्रश्न पर विचार किया था ।

विगत दो दशकों में सार्स, मर्स, इबोला, निपाह और अब कोरोना वाइरस ने हमारी सभ्यता की नींव हिला दी है । लगता है, प्रकृति रिसेट बटन दबा रही है । भौतिक प्रगति निरर्थक मालूम पड़ने लगी है, दुनिया की अर्थव्यवस्था तबाही की ओर है । अपने जीवन–काल में मनुष्य को इतना बेबस हम पहली बार देख रहे हैं ।

लेकिन देर–सबेर मनुष्य इस अदृश्य सूक्ष्मजीव को किसी–न–किसी तरह नियंत्रित कर लेगा, यह विश्वास अब भी मौजूद है । क्या यही बात प्रकृति के बारे में भी कही जा सकती है जिसे नियंत्रित करने का प्रयास हजारों वर्षों से किया जा रहा है, पर वह बार–बार नियंत्रण से मुक्त हो जाती है ? प्रकृति की कोई सीमा नहीं है । कभी महामारी के रूप में, कभी प्राकृतिक आपदा के रूप में वह अजेय होने की सूचना देती रहती है ।

वह इशारा करती है कि हम भविष्य की आहट को सुनें; और अगर सचेत न हुए तो बड़े संकटों के लिये तैयार रहें । कोरोना–संकट तात्कालिक है लेकिन जलवायु परिवर्तन किन संकटों

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

को लेकर आएगा, इसका अनुमान नहीं किया जा सकता। प्रकृति के साथ ज़्यादती से अगर हम बाज़ न आए, तो वह फिर से रिसेट बटन दबा सकती है। जब वह ऐसा करती है, तो सिर्फ इंसानों को बचाने के लिए नहीं, जीव जगत के सामूहिक भविष्य के लिए करती है। याद रखना चाहिए कि मानव-सभ्यता भौतिक प्रगति से नहीं, जैवविविधता को बचाने से सुरक्षित रहेगी।

81. भौतिक विकास और आर्थिक समृद्धि पर आधारित वर्तमान सभ्यता का ढाँचा क्यों चरमराया हुआ जान पड़ता है ?

(A) क्योंकि कोरोना महामारी की चुनौती का मुकाबला करने के लिए कोई सर्वमान्य रास्ता नहीं सूझ रहा है

(B) क्योंकि कोरोना महामारी के कारण वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति पैदा हो गई है

(C) क्योंकि भौतिक समृद्धि के कारण मनुष्य के अजेय होने का दंभ टूट गया है

(D) उपरोक्त सभी सही हैं

82. महात्मा गांधी ने 'हिंद स्वराज' में किस प्रश्न पर विचार किया था ?

(A) सभ्यता का भौतिक विकास किस प्रकार हो, इस प्रश्न पर

(B) पारिस्थितिक सम्पन्नता किस प्रकार हो, इस प्रश्न पर

(C) पारिस्थितिक सम्पन्नता और सभ्यता की प्रगति के बीच किस प्रकार संतुलन हो, इस प्रश्न पर

(D) इनमें से कोई नहीं

83. प्रकृति की कोई सीमा नहीं है, वह अजेय है, क्योंकि

(A) उसकी परिमाप नहीं की जा सकती

(B) पृथ्वी पर जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया जा सका है

(C) वह कभी महामारी के रूप में या कभी प्राकृतिक आपदा के रूप में मनुष्य को बार-बार चुनौती देती है

(D) वह अजर-अमर है

84. महामारी या प्राकृतिक आपदाएँ सूचित करती हैं कि प्रकृति ने रिसेट बटन दबा दिया है, ताकि

(A) मानव-जीवन सुरक्षित बच जाए

(B) सम्पूर्ण जीव जगत का भविष्य संतुलित रूप से विकसित हो

(C) वनस्पति जगत सुरक्षित रह जाए

(D) जनसंख्या कम हो जाए

85. निम्नांकित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य को चिह्नित कीजिये।

(A) उसने जी तोड़ मेहनत की और उसका परिणाम उसे मिला।

(B) देर रात घर लौटने के बाद उसने भरपेट भोजन किया।

(C) मुझे पता है कि उसे सचमुच भूख लगी है।

(D) जब भूख शांत होगी, तभी उसे चैन मिलेगा।

**रफ कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

## PART – V
## GENERAL ENGLISH / सामान्य अंग्रेजी

Read the following passage and answer Q. **86** to Q. **90**.

Cuomo focussed on controlling 10 Virus Hot Spots in N.Y.C. : Live Updates.

As New York City looks to reopen on June 8, Gov. Andrew M. Cuomo said officials were preparing hospitals for a potential uptick in corona virus cases.

New Jersey reported 113 new virus related deaths, a decrease of 18 from the previous day.

N.Y. Times

86. There were lesser number of virus related deaths
    - (A) on the day of reporting
    - (B) the day before reporting
    - (C) few days before reporting
    - (D) in New York City

87. There were _______ new virus related deaths on the previous day.
    - (A) 113
    - (B) 18
    - (C) 131
    - (D) 133

88. 'Uptick' means
    - (A) finish
    - (B) decrease
    - (C) rise
    - (D) beginning

89. The news is about
    - (A) Hospitals
    - (B) New York City
    - (C) New Jersey
    - (D) Corona Virus

रफ कार्य के लिए स्थान
Space for Rough Work

90. What is the name of the Governor of New York City ?

(A) NYC

(B) Andrew M. Cuomo

(C) M. Cuomo

(D) Hotspots

91. I __________ if you had told me.

(A) would help

(B) would have helped

(C) helped

(D) will help

92. _________ only girl who got the award is my sister.

(A) The

(B) A

(C) An

(D) Some

93. The teacher __________ mistakes in the essay.

(A) pointed in

(B) pointed

(C) points

(D) pointed out

94. Select the proper sequence of the given sentences.

1. They went with mother hen to catch worms.
2. She laid the eggs.
3. A few months the chicks grew into adult hens.
4. The chicks hatched.

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 4, 1, 3

(C) 3, 2, 1, 4

(D) 4, 1, 2, 3

95. I have made a cake _________ kheer for my sister's birthday.

(A) as well as

(B) also

(C) but

(D) on the other hand

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

96. Find the sentence which is irrelevant (not connected with) for the paragraph given below.

Chhattisgarh is called the rice bowl of India. Chhattisgarh was carved out from Madhya Pradesh. Many varieties of rice are grown here. A large part of the agricultural land in Chhattisgarh is utilised for growing paddy. Rice is the staple food of Chhattisgarhis.

(A) Chhattisgarh is known as the rice bowl of India

(B) Many varieties of rice are grown here

(C) Chhattisgarh was carved out from Madhya Pradesh

(D) None of the above

97. I invited him. _______ he refused to join the party.

(A) Not only

(B) But also

(C) Eventhough

(D) But

98. Some like rains because it gives respite from heat. Some like it just for the joy of watching it rain. Some people love rains because it brings smiles in the faces of farmers.

Select the suitable topic sentence (sentence containing the topic) for the above paragraph.

(A) farmers like rain

(B) some people like rains

(C) people like rains for different reasons

(D) everybody likes rains

99. I'm afraid of swimming in deep rivers. But I love to swim in _______ rivers.

(A) shallow

(B) deeper

(C) high

(D) narrow

100. People should be made __________ about HIV.

(A) aware

(B) beware

(C) known

(D) understand

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

रफ कार्य के लिए स्थान

**Space for Rough Work**

SET – **A**

**उत्तर अंकित करने का समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 100**

**Time for marking answers : 2 Hours** **Maximum Marks : 100**

**नोट :**

1. इस प्रश्न पुस्तिका में **100** प्रश्न है । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । **सभी** प्रश्न करने **अनिवार्य** है।
2. प्रश्नों के उत्तर दी गई **OMR** उत्तर-शीट (**Answer-Sheet**) पर अंकित कीजिए ।
3. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा ।
4. किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है ।
5. **OMR** उत्तर-शीट (**Answer-Sheet**) का प्रयोग करते समय ऐसी कोई असावधानी न बरतें जिससे यह फट जाये या उसमें मोड़ या सिलवट आदि पड़ जाये या वह खराब हो जाये ।

**Note :**

1. This question Booklet contains **100** questions. **Each** question carries **1** mark. **All** questions are **compulsory**.
2. Indicate your answers on the **OMR Answer-Sheet** provided.
3. No negative marking will be done.
4. Use of any type of calculator or log table and mobile phone is prohibited.
5. While using **OMR Answer-Sheet** care should be taken so that the Answer-Sheet does not get torn or spoiled due to folds and wrinkles.